SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 11 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 135

## राज्यपाल ने राज्य वीरता पुरस्कार प्राप्त बच्चों को 21-21 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

### 0 सुश्री उइके से बहादुर बच्चों ने भेंट की



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके, नन्हे बहादुर बच्चों की वीरता और सूझबूझ से काफी प्रभावित हुई और उन्हें अपनी ओर से 21-21 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। सुश्री उइके से आज यहां राजभवन में राज्य वीरता पुरस्कार प्राप्त बच्चों ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को रजत पदक, प्रशस्ति पत्र तथा 15-15 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। यह राशि छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा वर्ष 2020 और वर्ष 2021 के लिए वीरता पुरस्कार हेतु चयनित 5 बच्चों को दिया गया।

राज्यपाल सु उइके को बच्चों ने अपनी सूझबूझ के किस्से विस्तार से सुनाए। राज्यपाल ने उन्हें इसके लिए शाबासी दी। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों ने इतनी कम उम्र में ही अपनी सतर्कता से लोगों की जिंदगियां बचाई है, जो बहुत ही प्रेरणादायी है। राज्यपाल सु उइके ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक, छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद् के उपाध्यक्ष चंद्रेश शाह और महासचिव डॉ. अशोक त्रिपाठी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा प्रतिवर्ष साहसिक कार्य करने वाले राज्य के बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2020 के लिए परिषद् द्वारा उन्नति शर्मा, जान्हवी राजपूत, दुर्गेश सोनकर तथा वर्ष 2021 के लिए अमन ज्योति जाहिरे व शौर्य प्रताप चंद्राकर को वीरता पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

वर्ष 2020 में वीरता पुरस्कार के लिये चयनित रायपुर के टिकरापारा की रहने वाली 12 वर्षीय उन्नति शर्मा के मामा के घर में आग लग गई थी। आग लगने के दौरान उसका छोटा भाई घर पर था, उन्नति ने समझदारी दिखाते हुए घर में विद्युत आपूर्ति बंद कर दी और अपने भाई को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वर्ष 2020 में ही चयनित धमतरी की रहने वाली 13 वर्षीय जान्हवी राजपूत ने करंट की चपेट में आए अपने छोटे भाई की न केवल जान बचाई बल्कि उसे छत से गिरने से भी रोक लिया। इसी प्रकार वर्ष 2020 में चयनित दुर्ग के 11 वर्षीय दुर्गेश सोनकर ने साहस का परिचय देते हुए हमलावरों से अपने तीन छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। साथ ही निडरता के साथ पुलिस का सहयोग कर अपने परिजनों के हमलावरों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वर्ष 2021 में वीरता पुरस्कार के लिए चयनित कोरबा के 15 वर्षीय अमन ज्योति जाहिरे ने अपनी जान खतरे में डालकर जलप्रपात में बह रहे अपने मित्र की जान बचाई। इसी तरह 2021 में चयनित धमतरी के रहने वाले 13 वर्षीय शौर्य ने खेत में बिजली के तार गिरने की संभावना को देखते हुए वहां काम कर रहे लोगों को सचेत किया और तत्काल विद्युत विभाग में सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद करवाई। शौर्य के इस कदम से खेत मे काम कर रहे 10 लोगों की जान बच सकी।

## भारत और चीन के बीच चल रहे सीमा विवाद पर मध्यस्थता करेगा रूस?



**मॉस्को ।** मॉस्को भारत में रूस के नए राजदूत डेनिस एलिपोव ने कहा है कि लद्दाख मसले को लेकर रूस की भारत और चीन के बीच मध्यस्थता करने की कोई योजना नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा है कि अगर दोनों देशों ने मध्यस्थता की इच्छा जताई तो रूस इस पर विचार कर सकता है। एलिपोव ने कहा है कि भारत और चीन के बीच मध्यस्थ बनने की हमारी कोई योजना नहीं है। लेकिन अगर ऐसी इच्छा दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त की जाती है, तो निश्चित रूप से, हम इस पर सबसे अधिक सावधानी से विचार करेंगे।

एलिपोव ने कहा है कि दोनों पक्ष अपने बीच क्षेत्रीय विवाद को विशुद्ध रूप से द्विपक्षीय मामले के रूप में देखते हैं तो ऐसे में मध्यस्थता की कोई बात नहीं है। हम हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं। हमें उम्मीद है कि दोनों पक्ष जल्द से जल्द इस मसले को राजनयिक तरीकों से सुलझा लेंगे। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर करीब दो साल से गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। दोनों देशों के बीच अब तक 14 दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है। हालांकि बातचीत के बाद कई पॉइंट्स से डिसएंगेजमेंट हुई है।14 दौर की सैन्य वार्ता के दोनों पक्षों ने जल्द से जल्द कमांडर स्तर की बैठक आयोजित करने पर सहमति जताई थी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीजेपी ऑफिस पर हमला, अज्ञात शख्स ने फेंका पेट्रोल बम

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई स्थित भाजपा कार्यालय पर बीती देर रात एक पेट्रोल बम फेंका गया। इस हमले के बाद भाजपा नेता कराटे त्यागराजन ने कहा कि भाजपा ऐसी चीजों ने नहीं डरने वाली है। त्यागराजन ने कहा, हमारे कार्यालय पर करीब 1.30 बजे एक पेट्रोल बम फेंका गया। इसी तरह की घटना 15 साल पहले डीएमके की भूमिका से हुई थी। हम इस घटना के लिए तमिलनाडु सरकार (भूमिका) की निंदा करते हैं। हमने पुलिस को भी मामले की सूचना दी है। भाजपा कैडर ऐसी चीजों से नहीं डरते हैं। बदमाश दोपहिया वाहन पर सवार होकर आए थे। पेट्रोल बम फेंकने के तुरंत बाद वो पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई है। हमले की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता ऑफिस के पास इक_ा हो गए। ये लोग पेट्रोल बम फेंकने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले चरण में 57.79 फीसदी हुआ मतदान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग जारी है। दोपहर 1 बजे तक 35 फीसदी मतदान हुआ है । अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा है कि कई जगहों पर ईवीएम खराब होने की सूचना है और आरोप लगाए जा रहे हैं कि जानबूझकर मतदान धीमा कराया जा रहा है। चुनाव आयोग को इसकी जानकारी लेनी चाहिए। देश की राजनीति को दिशा दिखाने वाले राज्य उत्तर प्रदेश की विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 11 जिलों की 58 विधानसभा सीटों पर गुरुवार शाम पांच बजे तक औसतन 57.79 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत,बुलंदशहर और हापुड़ में शाम पांच बजे तक 60 फीसदी से अधिक लोगों ने वोट डाले जबकि दिल्ली से सटे गाजियाबाद और नोएडा में सबसे कम 54.77 फीसदी मतदान हुआ।

### उपराष्ट्रपति ने भारतीय संस्कृति और विरासत की रक्षा करने की आवश्यकता पर दिया जोर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने परिवार के सदस्यों के साथ आज आंध्र प्रदेश में तिरुपति स्थित तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम का दौरा कर भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए नायडू ने मंदिर आकर प्रसन्नता जताई और कहा कि उन्होंने देश के लोगों की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की है। आध्यात्मिकता और कुछ नहीं बल्कि सेवा की भावना है का भाव व्यक्त करते उन्होंने कहा कि भगवान वेंकटेश्वर का दर्शन उन्हें लोगों की और भी अधिक सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। नायडू ने कहा कि भारतीय संस्कृति व विरासत एकता, शांति और सामाजिक सद्भाव के सार्वभौमिक मूल्यों का समर्थन करती है और सभी को उनकी रक्षा व संरक्षण करने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने भक्तों के लिए दर्शन की सुगमता में सुधार को लेकर मंदिर के अधिकारियों की प्रशंसा की।

### सऊदी एयरपोर्ट पर ड्रोन से हमला, हूती विद्रोहियों पर है संदेह, 4 लोग जख्मी

**ब्लूमबर्ग।** सऊदी अरब के दक्षिणी शहर में आभा में स्थित एक एयरपोर्ट पर ड्रोन से हमला हुआ है। इस ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए हैं। यह हमला कि संगठन की ओर से किया गया है अभी तक यह तो साफ नहीं हो पाया है लेकिन संदेश हूती विद्रोहियों पर किया जा रहा है। अल अरबिया के अनुसार, अधिकारियों ने ड्रोन को मार गिराया है, हालांकि लोगों को ड्रोन के छर्रे से हल्की चोटें आई हैं। यमन के हूती लड़ाकों ने अतीत में सऊदी अरब पर हमला करने के लिए बार-बार ड्रोन का इस्तेमाल किया है, जिसमें आभा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी शामिल है। यमन के युद्ध में हाल ही में तनाव बढ़ा है। जहां एक गठबंधन ईरानी समर्थित हूतियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। तनाव को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सऊदी किंग सलमान को यमन युद्ध सहित अन्य विषयों पर चर्चा करने के लिए बुलाया है।

## द ग्रेट खली ने भी थामा भाजपा का हाथ




**नई दिल्ली(आरएनएस) ।** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले डबल्यूडबल्यूई पहलवान द ग्रेट खली उर्फ दिलीप सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा दिल्ली मुख्यालय में बीजेपी के महासचिव अरुण कुमार सिंह एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दिलीप सिंह राणा उर्फ खली द ग्रेट को पार्टी की सदस्यता दिलवाई फोन मिलाएं पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि खली द ग्रेट जी का आकार और व्यक्तित्व ऐसा है कि सारा दुनिया इनको जानता है। विचार और शरीर में बलवान है और भाजपा को भी बलवान बनाने में दिलीप सिंह उर्फ खली जी का योगदान रहेगा। द ग्रेट खली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारा एक सूत्र में देश को बांधा है और देश अमृत काल से स्वर्णिम भारत की यात्रा पर निकला है। द ग्रेट खली ने कहा कि हम भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मदद के लिए जो भी देश की सेवा में मेरा योगदान होगा वह करूंगा। द ग्रेट खली ने कहा कि भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मुझे अच्छा लग रहा है क्योंकि मैं पूरे विश्व के अधिकांश देशों में कुश्ती लड़ी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो देश के लिए काम किया है और उनके विचारधरा देश के प्रति उस से प्रेरित होकर और भाजपा की नीति जो राष्ट्र लेती है उससे प्रभावित होकर देश को आगे बढ़ाने के लिए मैं भी काम करूंगा और मुझे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी मैं भाजपा का एक सिपाही के तौर पर पूरा करूंगा।

## लाखों कर्मचारियों को तोहफा, तीन फीसदी डीए बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी



**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को तोहफा दिया है। सरकार के वित्त विभाग ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते(डीए) में तीन फीसदी की बढ़ोतरी कर इसे मौजूदा दर 28 से 31 फीसदी कर दिया है। यह एक जुलाई 2021 से लागू माना जाएगा। राज्य सरकार के सभी नियमित कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। विभाग के अनुसार इस तीन प्रतिशत अतिरिक्त डीए की अदायगी मार्च महीने में फरवरी 2022 के वेतन के साथ नकद की जाएगी। जबकि एक जुलाई 2021 से 31 जनवरी 2022 तक कर एरियर कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में डाला जाएगा। इस पर ब्याज एक मार्च 2022 से अर्जित होगा।

वहीं, जो कर्मचारी इस बीच सेवानिवृत हुए या जिन्होंने जीपीएफ खाता बंद कर दिया है या अंशदायी पेंशन योजना के तहत आते हैं, उन्हे डीए का एरियर एक जुलाई 2021 से मार्च 2022 में फरवरी के वेतन के साथ नकद दिया जाएगा। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्यसचिव वित्त प्रबोध सक्सेना की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही अब प्रदेश के आईएएस अधिकारियों की तर्ज पर कर्मचारियों को भी 31 फीसदी डीए मिलेगा। इससे राज्य के करीब 2.25 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। 50 पैसे और उससे अधिक के अंश वाले महंगाई भत्ते पर भुगतान को अगले उच्चतर रुपये में किया जाएगा और 50 पैसे से कम के अंश को नजरअंदाज किया जा सकता है।

बता दें, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हिमाचल पूर्ण राज्यत्व दिवस पर 25 जनवरी को इसकी घोषणा की थी। वहीं, हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रांत महामंत्री डॉ. मामराज पुंडीर ने हिमाचल सरकार की ओर से डीए को 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 31 प्रतिशत करने के लिए मुख्यमंत्री जयराम और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। डॉ. मामराज पुंडीर ने कहा कि 23 जनवरी को मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक का यह नतीजा है। आज प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को यह लाभ मिला है।

## लातेहार के मांगरडहा जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, करीब 300 राउंड फायरिंग, कई सामान बरामद

**रांची (आरएनएस)।** झारखण्ड के रांची के लातेहार के मांगरडहा जंगल में बुधवार की शाम पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ. इस दौरान करीब 300 राउंड फायरिंग हुई. हालांकि, इस मुठभेड़ में किसी नक्सली की गिरफ्तारी नहीं हुई, लेकिन नक्सलियों का सामान बरामद हुआ है. पुलिस को सूचना मिली थी कि मांगरडहा जंगल में नक्सली आ रहे हैं. इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज किया. इसी बीच बुधवार की शाम 4 बजे पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में 298 राउंड गोली चलने की खबर है. इसमें पुलिस की ओर से 98 और नक्सलियों की ओर से 200 राउंड फायरिंग की गयी. वहीं, नक्सलियों की संख्या 30 से 40 बतायी गयी. लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र स्थित मांगरडहा जंगल में पुलिस और नक्सली संगठन छवछवरूक्क के नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ. बुधवार शाम 4 बजे से शुरू हुए करीब 40 मिनट की मुठभेड़ में दोनों तरफ से 298 राउंड गोलियां चलाई गयी. इस दौरान पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली भागने में सफल रहे. वहीं, पुलिस ने नक्सलियों के कई सामान बरामद किये हैं. बताया गया कि नक्सली संगठन जेजेएमपी के पप्पू जी, सूरज जी, लवलेस गंझू, गणेश जी के साथ उनका पूरी टीम इसमें शामिल थे. इस संबंध में बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि छिपादोहर पुलिस के साथ बरवाडीह पुलिस भी इस मुठभेड़ में शामिल थी. इस पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के दौरान भारी पड़ते पुलिस को देख नक्सली भागने में कामयाब हुआ. लेकिन, पुलिस ने इन नक्सलियों के कई सामान बरामद किये हैं. इसके तहत स्लीपिंग बैग, नक्सली कपड़ा, जूता, मौजा, कंबल, बैग, प्लास्टिक, गमछा आदि बरामद हुआ है.

### माओवादियों ने की सरपंच पति की गोली मार कर हत्या

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के कुटरू थाना क्षेत्र के अडावाली पंचायत के सरपंच पति घनश्याम मंडावी की माओवादियों ने बीती रात गोली मार कर हत्या कर दी गई है, घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है ।

मृतक घनश्याम मंडावी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए ताडमेल गया हुआ था, इसी दौरान सादे वेश भूषा में कुछ माओवादी समारोह स्थल पर पहुंच कर अडावाली के सरपंच के पति को गोली मार दी, इस घटना में घनश्याम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । मृतक घनश्याम मंडावी भैरमगढ़ जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष कमलेश मंडावी के सुपुत्र थे । जिले में एक बार फिर माओवादी काफी सक्रिय हो कर आये दिन घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं । लगातार माओवादी घटनाओं से जिले में दहशत का माहौल व्याप्त होने लगा है ।

## लंदन जा रही फ्लाइट के बिजनेस क्लास में महिला पैसेंजर से रेप

**न्यू जर्सी।** अमेरिका के न्यू जर्सी से लंदन जा रही एक फ्लाइट के बिजनेस क्लास में महिला यात्री के साथ कथित तौर पर रेप किया गया। मामले में आरोपी व्यक्ति को ब्रिटेन में गिरफ्तार कर लिया गया, हालांकि बाद में उसे जमानत दे दी गई।

घटना के वक्त अन्य यात्री सो रहे थे। यह घटना यूनाईटेड एयरलाइन्स की फ्लाइट की है। घटना के बाद पीड़ित महिला ने एयरलाइंस के स्टाफ को जानकारी दी थी। एयरलाइंस स्टाफ ने फिर ब्रिटेन की पुलिस को सूचित कर दिया। न्यू जर्सी से लंदन तक पहुंचने में डायरेक्ट फ्लाइट को करीब 7 घंटे का वक्त लगता है।

ब्रिटेन के हीथ्रो में फ्लाइट लैंड करने के बाद पुलिस अधिकारी विमान में पहुंचे और आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता को रेप काउंसिलिंग सूट में ले जाया गया। अधिकारियों ने फ्लाइट की फॉरेंसिक जांच भी की। यह घटना पिछले हफ्ते की सोमवार की बताई जा रही है। पीड़ित महिला और आरोपी, दोनों की उम्र 40 साल है।

आरोपी व्यक्ति ब्रिटेन का ही रहने वाला है और पीड़ित महिला भी ब्रिटेन की ही बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी और पीड़िता, बिजनेस क्लास की अलग-अलग कतार की सीट पर थे। दोनों पहले से परिचित नहीं थे, लेकिन घटना से पहले लाउंज एरिया में पीड़िता और आरोपी ने साथ में शराब पी थी और बातचीत की थी।

## पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना में इको विषयवस्तु के तहत 6 परियोजनाओं को मंजूरी दी है : रेड्डी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पर्यटन मंत्रालय ने देश में इको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास के लिए 15 विषयगत परिपथों (सर्किट) में से एक के रूप में इको सर्किट की पहचान की है। मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन में इको विषयवस्तु के तहत 6 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और भारतीय जिम्मेदार पर्यटन सोसायटी (आरटीएसओआई) के साथ 27 सितंबर, 2021 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य एक-दूसरे के पर्यटन क्षेत्र में स्थायी पहलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने व समर्थन करने के उपाय करना और यथासंभव सहयोगात्मक तरीके से काम करना है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बताया है कि उसने वन व वन्यजीव क्षेत्रों में सतत इको पर्यटन के लिए दिशानिर्देश-2021 जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों में इको पर्यटन योजना तैयार करने का प्रावधान है। इसमें इको पर्यटन स्थल का वहन क्षमता विश्लेषण आधारित विवरण शामिल है। इसके अलावा इसमें संबंधित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के इको पर्यटन स्थलों की नियमित निगरानी का भी प्रावधान शामिल है।

यह जानकारी पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी है।

## भारतीय रेल का खडग़पुर रेल मण्डल पूर्ण रूप से विद्युतीकृत



**प्रयागराज (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज की अहमदाबाद एवं कोलकाता परियोजना ने रेलवे विद्युतीकरण के तहत पश्चिम रेलवे के राजकोट मण्डल के भाटिया-ओखा खण्ड (70 आरकेएम) तथा दक्षिण पूर्व रेलवे के खडग़पुर मण्डल के अन्तर्गत भंजपुर-बांगरीपोसी (33.98 आरकेएम) खण्ड का विद्युतीकरण के उपरान्त बुधवार को सीआरएस निरीक्षण किया।

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमिताभ शर्मा ने बताया कि भाटिया-ओखा रेल मार्ग के विद्युतीकृत होने से राजकोट से ओखा वाया द्वारिका के बीच अब बिना इंजन बदले विद्युत इंजन से रेलगाडिय़ा चलायी जा सकेंगी। जिससे प्रति वर्ष लगभग 100 करोड़ रुपये की बचत होगी। द्वारिका हिन्दुओं का पवित्र तीर्थस्थल है, इस रेल मार्ग के विद्युतीकृत होने से इस तीर्थस्थल पर आवागमन और सुगम हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि भंजपुर-बांगरीपोसी खण्ड के विद्युतीकृत होने से खडग़पुर मण्डल का रेल मार्ग पूर्णरूप से विद्युतीकृत हो गया है तथा इसके साथ ही दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी ब्रोड गेज रेल मार्ग 100 प्रतिशत विद्युतीकृत हो गया है। इस खण्ड के विद्युतीकृत होने से यातायात में वृद्धि, परिचालन में सहूलियत, परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से आवश्यक है।

कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह ने संगठन के अहमदाबाद एवं कोलकाता परियोजना की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि देश के सभी ब्रॉडगेज रेल मार्गों को पूर्ण रूप से विद्युतीकृत करने के लिए हम सभी रेल कर्मी प्रतिबद्ध हैं।